# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 28 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान से किसे प्रतिष्ठित धन्वन्तरि अवार्ड से नवाजा गया है?

(A) प्रो. वैद्य समीर सैन

**(B) प्रो. वैद्य बनवारीलाल गौड़**

(C) प्रो. वैद्य भंवरलाल गौड़

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. वैद्य बनवारीलाल गौड़ को प्रतिष्ठित धन्वन्तरि अवार्ड से नवाजा गया।
- यह सम्मान उन्हें अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गोवा में हुए 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम में प्रदान किया गया।
- इसके तहत उन्हें 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि, उत्तरवस्त्र, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट किया गया।
- प्रो. गौड़ को पूर्व में राष्ट्रपति अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## Yesterday Revision

1. हाल ही में किस जिले के पं. सुरेश मिश्रा को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अटल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया?:- जयपुर

2. हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?:- जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा

3. राजस्थान में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्यात के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्यात बढ़कर कितने रूपये हो गया?:- 97,171.68 करोड़ रूपये

4. राजस्थान की बालक वर्ग की टीम ने 75वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कौनसा पदक जीता है?:- कांस्य पदक

5. राजस्थान में केन्द्र सरकार, राजस्थान सरकार व ICAR के सहयोग से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' कब आयोजित किया जाएगा?:- 3 अक्टूबर से 18 अक्टूबर

**01. हाल ही में राजस्थान के जोधपुर में मारवाड़ महोत्सव 2025 का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 8 और 9 अक्टूबर 2025

(B) 6 और 7 अक्टूबर 2025

(C) 2 और 3 अक्टूबर 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में मारवाड़ महोत्सव 2025 का आयोजन जोधपुर में 6 और 7 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा

⭕ राजस्थान के जोधपुर में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला दो दिवसीय उत्सव है, जिसमें पारंपरिक लोक संगीत और नृत्य का आयोजन होता है।

⭕ इस दौरान ऊंट टैटू शो, घुड़सवारी और पारंपरिक खेल भी आयोजित किए जाते हैं।

**02. हाल ही में राजस्थान के किस कलाकार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 64वां राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है?**

(A) डॉ. गिरिराज शर्मा

(B) डॉ. कनुप्रिया

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 64वां राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार राजस्थान के 2 कलाकारों को प्रदान किया गया
- 25 सितंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 20 कलाकारों को राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया।
- इसमें राजस्थान के दो कलाकार शामिल हैं –

1. डॉ. गिरिराज शर्मा – मूर्ति कला क्षेत्र (कृति:-कंस्ट्रक्टिव आब्जर्वेशन
2. डॉ. कनुप्रिया – मिक्स्ड मीडिया क्षेत्र (कृति:-Brink of Annihilation)

**03. राजस्थान में किस जिले की साहित्यकार कौशल्या अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय भूटान भारत साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया?**

(a) अजमेर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- भूटान की राजधानी थिंपू में 12 से 17 सितंबर तक आयोजित भूटान भारत साहित्य महोत्सव में जोधपुर की साहित्यकार कौशल्या अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय भूटान भारत साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया।
- क्रांति धारा साहित्य अकादमी ने साहित्यकार कौशल्या अग्रवाल को उन्हें पुलिस सेवा, शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक साधना, पत्रकारिता, रंगमंच और पर्यावरण संरक्षण सहित समाज सेवा के नए अंगों में आदर्श स्थापित करने के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया

04. राजस्थान के किस अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा?

(A) पीबीएम अस्पताल, बीकानेर

(B) सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर

(C) एम्स, जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजधानी जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा।
- यह ऑपरेशन अगले माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है और इसके साथ ही एसएमएस अस्पताल चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने वाला है।
- अस्पताल अब उत्तर भारत में सबसे अधिक किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला संस्थान बन चुका है।
- पारंपरिक ट्रांसप्लांट प्रक्रियाओं के साथ अब रोबोटिक सर्जरी को जोड़ा जा रहा है, जिससे मरीजों को अधिक सटीक, कम दर्दनाक और तेज रिकवरी वाला इलाज मिल सकेगा।

05. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-बी में जयपुर जिले के कितने किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगवाए जाएंगे?

(A) 5500

(B) 3300

(C) 2200

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- किसानों को बिजली संकट से निजात दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-बी में जयपुर जिले के 5500 किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगवाए जाएंगे।
- लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा सरकार देगी, किसान को मात्र 40 प्रतिशत राशि देनी है।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसचित जनजाति श्रेणी के किसानों को 45,000 रूपये की अतिरिक्त छूट देय है। राज्यभर में 60,000 किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाना है।
- उद्यान विभाग इस योजना का नोडल विभाग है।
- किसान उसके खेत के क्षेत्रफल के आधार पर 3.5.7.5 यां 10 एचपी क्षमता का सोलर पम्प दिलवाया जाता है। सौर उर्जा पम्प संयंत्र लगाने के लिए न्यूनतम 0.40 हैक्टेयर भूमि का होना आवश्यक है।

06. हाल ही में ग्रीस के एथेंस में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप (WWC) में स्वर्ण पदक राजस्थान की पहली महिला पहलवान कौन है?

(A) अनुराधा विश्नोई

(B) अश्विनी विश्नोई

(C) शालिनी शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान में भीलवाड़ा की अश्विनी विश्नोई ने ग्रीस के एथेंस में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप (WWC) में स्वर्ण पदक जीता
- 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक एथेंस, ग्रीस में आयोजित अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप 2025
- 65 किलोग्राम भार वर्ग में जीता पदक
- वह वर्ल्ड कुश्ती चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रदेश की प्रथम महिला पहलवान
- 🥇 2 साल में जीते 5 इंटरनेशनल गोल्ड

**07. राजस्थान के बीकानेर नाल एयर बेस से वायुसेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने किस लड़ाकू विमान को अंतिम उड़ान भरकर विदाई दी?**

(a) मिग 29

(b) मिग-21

(c) मिराज

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के बीकानेर नाल एयर बेस से वायुसेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने मिग-21 में अंतिम उड़ान भरकर इसे भावुक विदाई दी।
- मिग-21 को 1960 के दशक में वायुसेना में शामिल किया गया था और यह छह दशकों तक सेवा में रहा।
- मिकोयान-गुरेविच मिग-21 एक सुपरसोनिक लड़ाकू जेट विमान है जिसका निर्माण सोवियत संघ के मिकोयान-गुरेविच डिज़ाइन ब्यूरो ने किया है।

यह 62 वर्षों तक वायुसेना की सेवा करने वाला रूसी मूल का लड़ाकू विमान रहा

08. राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य के कितने जिला क्रिकेट केंद्रों पर आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाएंगे?

(A) 33

(B) 15

(C) 22

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) ने राज्य में क्रिकेट के विकास के लिए बड़ा कदम उठाया है.
- आरसीए एडहॉक कमेटी के संयोजक डी डी कुमावत ने घोषणा की है कि राज्य के सभी 33 जिला क्रिकेट केंद्रों पर आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाएंगे.
- स्टेडियम बनने से जिला स्तर पर राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी.
- इस पहल का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देना और क्रिकेट को हर जिले में बढ़ावा देना है.
- इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए आरसीए ने एक 6 सदस्यीय क्रिकेट ग्राउंड व स्टेडियम डेवलपमेंट कमेटी बनाई है

09. हाल ही में लगातार दूसरी बार भारत के अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) कौन बनाए गए हैं?



(a) रघुराम राजन

(b) आर वेंकटरमणी

(c) शरद अरविंद बोबडे

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- वरिष्ठ अधिवक्ता आर वेंकटरमणी लगातार दूसरी बार भारत के अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) बनाए गए
- वे 1 अक्टूबर 2022 को 16वें अटॉर्नी जनरल बनाए गए थे
- दो साल के लिए होगा नया कार्यकाल।
- नियुक्ति: राष्ट्रपति द्वारा, सामान्यत: मंत्रिपरिषद की सलाह पर, अनुच्छेद 76(1) के अंतर्गत
- योग्यता: सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति हेतु योग्य व्यक्ति—यानी या तो 5 वर्ष उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, या 10 वर्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, या राष्ट्रपति की दृष्टि में प्रतिष्ठित विधिवेत्ता; भारतीय नागरिक होना अपेक्षित है।

10. हाल ही में बिहार से कौनसा कौनसा स्थान नया रामसर साइट में शामिल हुआ है?



(a) गोकुल जलाशय

(b) उदयपुर झील

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत ने आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत किया है
- बिहार से दो नए रामसर स्थल शामिल किए गए हैं-बक्सर ज़िले का गोकुल जलाशय (448 हेक्टेयर) और पश्चिम चंपारण ज़िले की उदयपुर झील (319 हेक्टेयर)
- इसके साथ ही देश में कुल 93 रामसर साइट हो गए हैं, जो 13,60,719 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हैं।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा

(B) जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू

(C) जस्टिस संजीत पुरोहित

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine